Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to commence the Dhalbhumgarh Airport project in Jamshedpur Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर): महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे अति महत्वपूर्ण विषय सदन में उठाने के लिए अनुमति प्रदान की है। मेरे लोक सभा क्षेत्र जमशेदपुर में वर्ष 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री आदरणीय रघुबर दास जी, उस समय के तत्कालीन राज्य मंत्री, भारत सरकार, जयन्त सिन्हा जी ने धालभूमगढ़ एयरपोर्ट का शिलान्यास किया था।… (व्यवधान) एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा लगभग 100 करोड़ रुपये भी आबंटित किए गए थे। टाटा घराना जैसा भारी उद्योग होने के बावजूद, लगभग 2,000 स्माल स्केल ऑटो मोबाइल सैक्टर होने के बावजूद, आज तक वहां पर एयरपोर्ट का काम शुरू नहीं हो सका है।… (व्यवधान) पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, इनमें झारखंड के जमशेदपुर, पश्चिम बंगाल के खड़गपुर और ओडिशा के बालासोर, इन तीन स्टेट्स की इंडस्ट्रियल बेल्ट उसके करीब के इलाके में पड़ती है। वहां सेंट्रल माइंस होने के बावजूद एयरपोर्ट का काम अभी तक शुरू नहीं हुआ है।… (व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि यथाशीघ्र जमशेदपुर एयरपोर्ट का काम शुरू किया जाए।… (व्यवधान)